1 निम्नलिखित में से 'देशज' शब्द है-
(A) मुगल (B) जवान
(C) जलज (D) चिड़िया
(E) अनुत्तरित प्रश्न

2 निम्नलिखित में से 'विदेशी' शब्द नहीं है-
(A) पलंग (B) दुकान
(C) सरकार (D) वकील
(E) अनुत्तरित प्रश्न

3 इनमें से 'भाववाचक संज्ञा' का उदाहरण है-
(A) काशी (B) गंगा
(C) महादेव (D) मिठास
(E) अनुत्तरित प्रश्न

4 निम्नलिखित में 'संज्ञा' का भेद नहीं है-
(A) व्यक्तिवाचक (B) भाववाचक
(C) जातिवाचक (D) प्रश्नवाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

5 निम्नलिखित में 'सर्वनाम' का भेद नहीं है-
(A) पुरुषवाचक (B) संबंधवाचक
(C) गुणवाचक (D) निजवाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

6 'यह कोई नया काम नहीं है।' वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम है-
(A) कोई (B) नया
(C) यह (D) काम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

7 'गुणवाचक विशेषण' का उपयुक्त उदाहरण है-
(A) प्रत्येक (B) पहला
(C) लाल (D) वह
(E) अनुत्तरित प्रश्न

8 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (शब्द) | | सूची II (विशेषण) |
|---|---|---|---|
| a. | सुडौल | I. | परिमाणबोधक |
| b. | चौगुना | II. | सार्वनामिक |
| c. | दो सेर | III. | गुणवाचक |
| d. | यह | IV. | संख्यावाचक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-II, b-I, c-IV, d-III
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

9 'घास हरी होती है।' इस वाक्य में 'होती है' क्या है?
(A) संज्ञा (B) विशेषण
(C) क्रिया (D) सर्वनाम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

10 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** जिन शब्दों से किसी कार्य के होने या करने का बोध होता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।
**कथन II:** क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं और धातु से क्रिया बनाई जाती है।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

11 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** वाक्य, भाषा की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है।
**कथन II:** वाक्य में पदों का क्रम नियमानुसार जरूरी नहीं होता।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

12 'अशुद्ध वाक्यों' का चयन कीजिए:
a. यह कहना आपकी गलती है।
b. मैं हल करने की तलाश में हूँ।
c. मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
d. वहाँ भारी भीड़ लगी थी।
e. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल a, b, और d
(B) केवल b, c, और e
(C) केवल c, d, और e
(D) केवल a, b, और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न

13 'हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?
(A) हमारी (B) कन्या
(C) सौभाग्यवती (D) विवाह
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov2025

14 'महाभारत अठारह दिनों तक चलता रहा।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?

(A) तक (B) दिनों
(C) चलता (D) रहा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

15 'अनुत्तीर्ण होने की खबर सुनकर उसका चेहरा गिर गया।' उक्त वाक्य की शुद्धि हेतु 'गिर' की जगह कौन-सा शब्द उपयुक्त होगा?

(A) उतर (B) चढ़
(C) तन (D) उदास
(E) अनुत्तरित प्रश्न

16 इनमें कौन-से वाक्य 'शुद्ध' हैं?

a. काशी सदा भारतीय संस्कृति का केंद्र रही है।
b. पहले कलकत्ता भारत की राजधानी था।
c. लोग ठीक ही कहता है।
d. युद्ध से देश पर संकट छाती है।
e. उसका ज्ञान ही उसका पूँजी था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल b, c, d (B) केवल c, d, e
(C) केवल a, b, e (D) केवल a, b, c
(E) अनुत्तरित प्रश्न

17 इनमें कौन-से वाक्य 'शुद्ध' हैं?

a. महादेवी छायावादी कवियित्री हैं।
b. दवा हिलाकर रोगी को पिलाओ।
c. प्रात: काल भ्रमण उपयोगी रहता है।
d. वह मुझे बुलाया है।
e. तुलसीदास ने विनयपत्रिका लिखी।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल b, c, और e
(B) केवल a, c, और d
(C) केवल a, b, और c
(D) केवल c, d, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

18 'माता – पिता' शब्द में समास का कौन–सा भेद है?

(A) द्वन्द्व समास (B) द्विगु समास
(C) कर्मधारय समास (D) अव्ययीभाव समास
(E) अनुत्तरित प्रश्न

19 'नीलकंठ' समस्तपद में समास का कौन-सा भेद है?

(A) बहुव्रीहि समास (B) द्वन्द्व समास
(C) अव्ययीभाव समास (D) कर्मधारय समास
(E) अनुत्तरित प्रश्न

20 सूची I को सूची II से सुमेलित करे -

| | सूची I (समास) | | सूची II (समस्त पद) |
|---|---|---|---|
| a. | तत्पुरुष समास | I. | पीतांबर |
| b. | द्वन्द्व समास | II. | राजपुत्र |
| c. | बहुव्रीहि समास | III. | जन्म-मरण |
| d. | द्विगु समास | IV. | नवरत्न |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-IV, c-III, d-I
(B) a-II, b-III, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

21 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** "वे शब्दांश जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर, उसके अर्थ में विशेषता ला दें या अर्थ ही बदल दें", वे उपसर्ग कहलाते हैं।

**कथन II:** हिंदी भाषा में संस्कृत के साथ, उर्दू भाषा के भी उपसर्ग प्रचलित हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

22 निम्नलिखित में से किस शब्द का निर्माण 'प्र' उपसर्ग से हुआ है?

(A) प्रत्यक्ष (B) प्रगति
(C) प्रतिनिधि (D) परिचय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

23 निम्नलिखित में से 'अ' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है-

(A) अमोल (B) अथाह
(C) अपयश (D) अजान
(E) अनुत्तरित प्रश्न

24 'सब धान बाईस पसेरी' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अच्छा-बुरा सबको एक समझना
(B) महँगाई बढ़ जाना
(C) धान की पैदावार बढ़ जाना
(D) धान का सस्ता हो जाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

25 ‘ऊँची दूकान फीका पकवान’ लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) डींग हाँकना
(B) गुप्त बात प्रकट करना
(C) केवल बाह्य प्रदर्शन
(D) मूर्खों में कुछ पढ़ा-लिखा व्यक्ति
(E) अनुत्तरित प्रश्न

26 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** पारिभाषिक शब्दों का अर्थ अभिधा में ग्रहण किया जाता है।

**कथन II:** हमारे देश में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में पारिभाषिक शब्दों की अधिक भूमिका नहीं है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

27 प्रशासनिक शब्द ‘अनुस्मारक’ का समानार्थी अंग्रेजी शब्द है-

(A) Notification (B) Reminder
(C) Resolution (D) Circular
(E) अनुत्तरित प्रश्न

28 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | **सूची I (अंग्रेजी शब्द)** | | **सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द)** |
|---|---|---|---|
| a. | Report | I. | प्रतिवेदन |
| b. | Agent | II. | संविदा |
| c. | Contract | III. | द्विभाषिक |
| d. | Bilingual | IV. | अभिकर्ता |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-I, b-III, c-II, d-IV
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-I, b-IV, c-II, d-III
(D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न

29 अंग्रेजी शब्द के समानार्थक हिंदी शब्द के सबसे उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:

a. Acting - कार्यकारी
b. Candidate - व्यक्ति
c. Disparity - असमानता
d. Honorarium - मजदूरी
e. Undersigned - अधोहस्ताक्षरी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a, c, और e (B) d, c, और b
(C) b, d, और e (D) c, d, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

30 इनमें से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से ‘शुद्ध’ हैं?

a. योगिराज b. आकांक्षा
c. परिस्थिति d. परिक्षण
e. पुज्य

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, b, c (B) केवल b, c, d
(C) केवल c, d, e (D) केवल a, c, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

31 निम्नलिखित में से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से ‘अशुद्ध’ हैं?

a. विभिषिका b. निर्पेक्ष
c. नैपुण्य d. सौंदर्य
e. सम्राज्य

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, b, c (B) केवल a, b, e
(C) केवल c, d, e (D) केवल b, c, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

32 इनमें से कौन-से शब्द वर्तनी की दृष्टि से ‘शुद्ध’ हैं?

a. स्वास्थ्य b. निश्पक्ष
c. प्रामाणिक d. श्राप
e. दुष्कर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, c, e (B) केवल a, b, c
(C) केवल b, c, d (D) केवल c, d, e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

33 वर्तनी की दृष्टि से ‘शुद्ध’ शब्द है-

(A) ऊँगली (B) उछवास
(C) उन्मीलित (D) उँचाई
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

34 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है-
(A) कार्यक्रम (B) घनिष्ठ
(C) अध्ययन (D) पूज्यनीय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

35 कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' है?
(A) अनुसंगिक (B) अध्यात्मिक
(C) अधगति (D) शताब्दी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

36 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है -
(A) अनुकूल (B) राज्यमहल
(C) गृहस्थ (D) पतिव्रता
(E) अनुत्तरित प्रश्न

37 वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?
(A) ऐक्य, एकता (B) नैपुण्य, निपुणता
(C) बाहुल्य, बहुलता (D) सामुद्रिक, समुद्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न

38 वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्दों का चयन कीजिए-
a. कोतुहल b. श्रीमती
c. साधुवाद d. कनिष्ट
e. शारीरिक
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) केवल b, c और e
(B) केवल b, c और d
(C) केवल a, b और c
(D) केवल c, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

39 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | **सूची I (अंग्रेजी शब्द)** | | **सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द)** |
|---|---|---|---|
| a. | Under consideration | I. | अधीनस्थ |
| b. | Applicant | II. | अधिवास |
| c. | Domicile | III. | विचाराधीन |
| d. | Subordinate | IV. | आवेदक |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-III, b-II, c-I, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-IV, b-III, c-I, d-II
(D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

40 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए:

| | **सूची I (अंग्रेजी शब्द)** | | **सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द)** |
|---|---|---|---|
| a. | Free hold | I. | लेखाकार |
| b. | Lapse | II. | पूर्ण स्वामित्व |
| c. | Accountant | III. | क्रियाविधि |
| d. | Procedure | IV. | बीत जाना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III
(B) a-IV, b-II, c-III, d-I
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV
(D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

41 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | **सूची I (अंग्रेजी शब्द)** | | **सूची II (समानार्थक हिंदी शब्द)** |
|---|---|---|---|
| a. | Status Que | I. | अद्यतन |
| b. | Up to date | II. | विलयन |
| c. | Surveillance | III. | यथास्थिति |
| d. | Merger | IV. | निगरानी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-I, b-II, c-IV, d-III
(B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-III, b-I, c-IV, d-II
(D) a-IV, b-I, c-II, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न

42 'Assurance' की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) आश्वासन (B) बीमा
(C) अनुमति (D) सहमति
(E) अनुत्तरित प्रश्न

43 'Jurisdiction' की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) क्षेत्राधिकार (B) अभिविज्ञान
(C) हस्तांतरण (D) परिज्ञान
(E) अनुत्तरित प्रश्न

44 'Auction' शब्द की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) निवृत्त (B) कार्रवाई
(C) नीलामी (D) कार्यकारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

45 'Deputation' शब्द की हिंदी बताइए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) प्रतिभूति (B) प्रतिनियुक्ति
(C) गंतव्य (D) श्रेष्ठता
(E) अनुत्तरित प्रश्न

46 इनमें से किस शब्द में 'खुश' उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?
(A) खुशबू (B) खुशहाल
(C) खुश्क (D) खुशदिल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

47 नीचे दो कथन दिए गए हैं-
**कथन I:** जो शब्दांश मूल शब्द के अंत में लगकर, नए शब्द बनाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं।
**कथन II:** प्रत्यय के दो भेद होते हैं- (I) कृत प्रत्यय (II) तद्धित प्रत्यय।
उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

48 'मिलनसार' शब्द में प्रयुक्त 'प्रत्यय' है-
(A) र (B) नसार
(C) आर (D) सार
(E) अनुत्तरित प्रश्न

49 'पौराणिक' शब्द में प्रयुक्त 'प्रत्यय' है-
(A) णिक (B) इक
(C) क (D) ईक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

50 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (तत्सम शब्द) | | सूची II (तद्भव शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | घोटक | I. | खीर |
| b. | क्षीर | II. | सुई |
| c. | सूचि | III. | घोड़ा |
| d. | उष्ट्र | IV. | ऊँट |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV
(B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-III, b-I, c-II, d-IV
(D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न

51 निम्नलिखित में से 'अर्द्धतत्सम' शब्द कौन-सा है?
(A) अग्नि (B) आग
(C) अगिन (D) ज्वाला
(E) अनुत्तरित प्रश्न

52 'Certify' के लिए हिंदी शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) स्वीकार करना (B) परिवर्तन करना
(C) स्पष्ट करना (D) प्रमाणित करना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

53 'Statutory' के लिए हिंदी शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) विधिवत (B) क्षेत्रिक
(C) वैधानिक (D) चेतावनी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

54 Absolute Acceptance के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) पूर्ण स्वीकृति
(B) आत्यंतिक हित
(C) आत्यंतिक दायित्व
(D) आत्यंतिक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

55 Circumstance के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) परिसंचरण (B) परिस्थिति
(C) परिसीमा (D) परिवंचना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

56 इनमें से किसके मेल से होने वाले विकार को 'संधि' कहते हैं?
(A) दो वर्णों के मेल से
(B) दो पदबंधों के मेल से
(C) दो उपवाक्यों के मेल से
(D) दो वाक्यों के मेल से
(E) अनुत्तरित प्रश्न

57 'लंबा + उदर' का सही 'संधि पद' है-
(A) लंबादर (B) लंबाऊदर
(C) लंबोदर (D) लंबउदर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

58 'सूर्य + उदय' का सही 'संधि पद' है-
(A) सूर्यउदय (B) सूर्योदय
(C) सूरोदय (D) सौर्योदय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

**59** 'व्यायाम' शब्द का सही 'संधि-विच्छेद' है-

(A) वि + याम (B) व्य + आयाम

(C) व्या + याम (D) वि + आयाम

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**60** 'समास' का अर्थ है-

(A) विस्तार (B) प्रसार

(C) संक्षेप (D) आक्षेप

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**61** नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** मिश्र वाक्य में एक सरल वाक्य तथा उसके आश्रित एक या अधिक उपवाक्य होते हैं।

**कथन II:** संयुक्त वाक्य के दो से अधिक उपवाक्यों को प्रधान वाक्य में बदलकर मिश्र वाक्य बनाया जाता है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**62** सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (उदाहरण) | | सूची II (वाक्य भेद) |
|---|---|---|---|
| a. | आपको क्या चाहिए? | I. | आज्ञावाचक वाक्य |
| b. | एक चम्मच शहद लाओ। | II. | इच्छावाचक वाक्य |
| c. | शायद ही गोवा जाना होगा। | III. | संदेहवाचक वाक्य |
| d. | पिताजी आ जाएँ तो अच्छा हो। | IV. | प्रश्नवाचक वाक्य |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-II, b-I, c-IV, d-III

(B) a-I, b-IV, c-III, d-II

(C) a-IV, b-I, c-III, d-II

(D) a-IV, b-I, c-II, d-III

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**63** वाक्य की विशेषताओं के संबंध में सही कथन नहीं है:

(A) वाक्य की रचना विभिन्न पदों एवं पदबंधों के मेल से होती है।

(B) वाक्य के दो प्रमुख घटक होते हैं – उद्देश्य तथा विधेय।

(C) वाक्य स्वयं में संपूर्ण होता है।

(D) व्याकरण-सिद्ध पदों को मेल के अनुसार यथाक्रम रखने को ही 'वाक्य रचना' कहते हैं।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**64** नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** संकेतवाचक वाक्य में कार्य के होने का संदेह होता है।

**कथन II:** एक से अधिक सरल तथा स्वतंत्र वाक्यों को मिश्रित वाक्य में समुच्चयबोधक शब्द से जोड़ते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।

(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।

(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**65** 'संदेहवाचक वाक्य' का सही उदाहरण है -

(A) आपकी यात्रा मंगलमय हो।

(B) अब तक वह चला गया होगा।

(C) बिहारी दरबारी कवि थे।

(D) एक कप पानी लाओ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**66** निम्नलिखित में से 'मिश्र वाक्य' का चयन कीजिए:

(A) जो व्यक्ति धनी है, वह हर चीज खरीद सकता है।

(B) स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं।

(C) वह पढ़कर परीक्षा में सफल हुआ।

(D) परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी दुर्लभ नहीं है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**67** 'अमित रो-रोकर चुप हो गया।' इस 'सरल वाक्य' का 'संयुक्त वाक्य' में परिवर्तित रूप है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अमित रो कर चुप हो गया।

(B) अमित रोने के बाद चुप हो गया।

(C) अमित रोता रहा और चुप हो गया।

(D) रोने के बाद अमित चुप हुआ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**68** सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (वाक्यांश) | | सूची II (एक शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | जो दूसरे से ईर्ष्या करे | I. | प्रियदर्शी |
| b. | जानने की इच्छा रखने वाला | II. | प्रत्यागत |
| c. | जो देखने में प्रिय लगता है | III. | ईर्ष्यालु |
| d. | लौटकर आया हुआ | IV. | जिज्ञासु |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV

(B) a-III, b-IV, c-I, d-II

(C) a-IV, b-III, c-II, d-I

(D) a-III, b-IV, c-II, d-I

(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22 Nov 2025

69 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए :

| | सूची I (वाक्यांश) | | सूची II (एक शब्द) |
|---|---|---|---|
| a. | जिसके पार न देखा जा सके | I. | निर्दयी |
| b. | अनुचित बात के लिए आग्रह | II. | अकथनीय |
| c. | जो कहा न जा सके | III. | अपारदर्शी |
| d. | जिसके हृदय में दया नहीं है | IV. | दुराग्रह |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-II, c-IV, d-I
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-II, b-IV, c-I, d-III
(D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

70 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I :** 'जो दूसरों का भला चाहने वाला है' उसे 'परार्थी' कहते हैं।

**कथन II:** 'जो स्वयं का भला चाहने वाला है' उसे 'स्वार्थी' कहते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

71 समश्रुत भिन्नार्थक शब्द 'अनिल-अनल' का अर्थ है-

(A) सुन्दर - लगातार (B) सूर्य - नदी
(C) हवा - आग (D) किनारा - प्रकृति
(E) अनुत्तरित प्रश्न

72 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए:

| | सूची I (युग्म शब्द) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | अंस | I. | किनारा |
| b. | अंश | II. | वंश |
| c. | कुल | III. | कंधा |
| d. | कूल | IV. | हिस्सा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-IV, c-II, d-I
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-IV, b-III, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

73 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (शब्द) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | खल | I. | गाय, स्वर्ग |
| b. | गो | II. | बादल, घना |
| c. | घन | III. | बुनावट, फरेब |
| d. | जाल | IV. | दुष्ट, धतूरा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-III, b-I, c-IV, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न

74 इनमें से 'अक्ष' शब्द का सही अर्थ है-

(A) आँख (B) साधु
(C) चतुर (D) हाथी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

75 कौन-सा शब्द 'अंक' का अर्थ द्योतित नहीं करता है?

(A) आँख (B) भाग्य
(C) चिह्न (D) अध्याय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

76 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है?

(A) दधीचि (B) कृतकृत्य
(C) प्रसंशा (D) कुतूहल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

77 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है -

(A) प्रतीक्षा (B) प्रतिक्षा
(C) प्रतीच्छा (D) प्रतिच्छा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

78 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है -

(A) उजज्वल (B) उज्जवल
(C) उज्ज्वल (D) ऊज्ज्वल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

79 वर्तनी की दृष्टि से 'अशुद्ध' शब्द है-

(A) नैसर्गिक (B) हितैषी
(C) याज्ञवल्क्य (D) आभ्यंतरिक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

80 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है-

(A) ग्रहणी (B) गृहिणी
(C) ग्रहिणी (D) गृहणी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

81 वर्तनी की दृष्टि से 'शुद्ध' शब्द है-

(A) ईर्षा (B) प्रमेश्वर

(C) सैद्धांतिक (D) परिक्षा

(E) अनुत्तरित प्रश्न

82 'सत्संग से बुद्धि सुधरती है।' इस वाक्य में किस 'कारक' का प्रयोग हुआ है?

(A) अपादान (B) करण

(C) संप्रदान (D) अधिकरण

(E) अनुत्तरित प्रश्न

83 'ने' परसर्ग/विभक्ति का प्रयोग किस कारक के साथ होता है?

(A) करण कारक (B) कर्म कारक

(C) कर्ता कारक (D) संप्रदान कारक

(E) अनुत्तरित प्रश्न

84 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | **सूची I (कारक भेद)** | | **सूची II (अर्थ/लक्षण)** |
|---|---|---|---|
| a. | संबंध कारक | I. | जिसकी सहायता से कर्त्ता क्रिया करता है |
| b. | करण कारक | II. | जहाँ किसी को कुछ दिया जाए |
| c. | संप्रदान कारक | III. | अलग होने का बोध प्रकट हो |
| d. | अपादान कारक | IV. | किसी व्यक्ति का दूसरे से संबंध |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-II, c-IV, d-I

(B) a-IV, b-I, c-II, d-III

(C) a-II, b-I, c-III, d-IV

(D) a-I, b-III, c-II, d-IV

(E) अनुत्तरित प्रश्न

85 'आत्मज' का स्त्रीलिंग रूप है -

(A) आत्मन (B) आत्मना

(C) आत्मा (D) आत्मजा

(E) अनुत्तरित प्रश्न

86 पुंलिंग - स्त्रीलिंग का कौन-सा युग्म 'अशुद्ध' है?

(A) गूँगा - गूँगी (B) खाला - खाली

(C) काला - काली (D) पुत्र - पुत्री

(E) अनुत्तरित प्रश्न

87 लिंग परिवर्तन की दृष्टि से सही युग्मों का चयन कीजिए:

a. जेठ - जेठानी b. तोता - तोते

c. शिष्य - शिष्या d. मच्छर - मच्छरानी

e. विधुर - विधवा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, c, और e

(B) केवल b, d, और e

(C) केवल b, c, और d

(D) केवल a, b, और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न

88 निम्नलिखित किस शब्द का बहुवचन रूप 'अशुद्ध' है?

(A) शाखा – शाखाएँ

(B) कथा – कथाएँ

(C) आशीर्वाद – आशीर्वादों

(D) वधू – वधुओं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

89 'वचन' के संबंध में कौन-सा कथ्य सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया के जिस रूप से संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।

(B) हिंदी में वचन के दो प्रकार हैं - एकवचन और बहुवचन।

(C) वचन का मुख्य कार्य शब्दों के लिंग भेद का बोध का कराना है।

(D) शब्द के जिस रूप से एक पदार्थ या व्यक्ति का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

90 निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'बहुवचन' बोधक है?

(A) कामना (B) अध्यापिका

(C) डिबिया (D) गुड़ियाँ

(E) अनुत्तरित प्रश्न

91 'प्रश्नवाचक' चिह्न के प्रयोग हेतु निम्नलिखित कथ्य सही नहीं हैं -

a. जहाँ स्थिति निश्चित न हो।

b. आदरसूचक शब्दों के अंत में।

c. शुभकामनाएँ प्रकट करने में।

d. जहाँ प्रश्न करने या पूछे जाने का बोध हो।

e. हँसी-खुशी व्यक्त करने में।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) b, c, और e (B) c, d, और e

(C) a, b, और d (D) a, d, और e

(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov2025

92 'अल्पविराम' चिह्न के प्रयोग के संदर्भ में कौन-से कथन सही हैं?

a. इसमें बहुत कम ठहराव होता है।
b. दो बड़े वाक्यांशों के बीच इसका प्रयोग होता है।
c. यदि कोई वाक्य प्रत्यक्ष कथन में हो तो मुख्य कथन के पहले इसे लगाते हैं।
d. विस्मय आदि भावों को व्यक्त करने में इसका उपयोग होता है।
e. जहाँ उद्धरण देना हो, वहां इसे प्रयुक्त करते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, c, और d
(B) केवल a, b, और c
(C) केवल c, d, और e
(D) केवल a, d, और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न

93 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए:

| | सूची I (विराम चिह्न के प्रकार) | | सूची II (प्रयोग और अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | पूर्णविराम | I. | थोड़ी देर रूकना |
| b. | अल्पविराम | II. | हर्ष, विषाद की स्थिति में |
| c. | योजक चिह्न | III. | पूरी तरह रूकना |
| d. | विस्मयादिबोधक | IV. | दो बार प्रयुक्त एक ही संज्ञा के बीच |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-II, c-I, d-IV
(B) a-I, b-IV, c-II, d-III
(C) a-IV, b-II, c-III, d-I
(D) a-III, b-I, c-IV, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न

94 'महत्वपूर्ण कथन' और 'कहावत' आदि को उद्धृत करने में किस चिह्न का प्रयोग होता है?

(A) विस्मयादिबोधक चिह्न
(B) पूर्णविराम चिह्न
(C) उद्धरण चिह्न
(D) अल्पविराम चिह्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न

95 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** विराम चिह्न अभिप्राय की समाप्ति को सूचित करता है।

**कथन II:** पूर्ण विराम, उपविराम, अर्द्ध विराम, अल्पविराम – विराम चिह्न के अंतर्गत आते हैं।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

96 प्रत्येक 'पूर्ण वाक्य' के अंत में लगाये जाने वाले चिह्न को क्या कहते हैं?

(A) पूर्णविराम
(B) अर्द्ध विराम
(C) प्रश्न चिह्न
(D) उद्धरण चिह्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न

97 निम्नलिखित किस वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग नियमानुसार किया गया है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) मैं जो कहता हूँ, कान लगाकर सुनो!
(B) वाह, तुम्हारे क्या कहने?
(C) 'जुही की कली' का सारांश अपनी भाषा में लिखिए।
(D) क्या? आप गया से आ रहे हैं!
(E) अनुत्तरित प्रश्न

98 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** मुहावरों का अर्थ उनके प्रत्यक्ष अर्थ से भिन्न होता है। अर्थात् ये लक्षणापरक होते हैं।

**कथन II:** मुहावरे का प्रयोग अलग से न होकर वाक्य के प्रसंग में ही होता है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

99 'कुएँ में भांग पड़ना' का उचित अर्थ होगा - (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) चेतावनी मिलना
(B) नुकसान होना
(C) सबकी अक्ल मारी जाना
(D) विघ्न डालना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

100 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का अर्थ है-
(A) कर्म का फल भोगना
(B) बुरी तरह पछताना
(C) अपना काम निकालना
(D) संकट मोल लेना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

101 निम्नलिखित में से 'संयुक्त वाक्य' का चयन कीजिए: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) सूर्य उदित हुआ और आकाश में तारे छिप गए।
(B) सूर्य निकलते ही तारे छुप गए।
(C) सूर्य का उदय हुआ, आकाश में तारे छिप गए।
(D) सूर्य का उदय हुआ, तारे आकाश में छिपे नहीं थे।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

102 'संकेतवाचक वाक्य' चुनिए:
(A) एक गिलास पानी लाओ।
(B) यदि वर्षा अच्छी हो तो फसल भी अच्छी होगी।
(C) मैं शिमला में रहता हूँ।
(D) आपकी यात्रा मंगलमय हो।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

103 निम्नलिखित में से 'उपवाक्य' का भेद नहीं है-
(A) संज्ञा उपवाक्य
(B) विशेषण उपवाक्य
(C) क्रियाविशेषण उपवाक्य
(D) काल उपवाक्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न

104 वाक्य में 'योग्यता' का अर्थ है - (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) पदों के अर्थबोधन की क्षमता
(B) एक पद को सुनकर दूसरे को जानने की उत्कंठा
(C) वाक्य में प्रयुक्त पदों का क्रम
(D) एक से अधिक पदों का योग
(E) अनुत्तरित प्रश्न

105 निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'क्रिया' संबंधी अशुद्धि है?
(A) मैं दर्शन करने आया था।
(B) वह फल खाकर जाएगा।
(C) मंत्रों का सही उच्चारण बोलो।
(D) यहाँ मत चिल्लाओ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

106 निम्नलिखित में से 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की चाह में घूम रहा था।
(B) कृपया आप ही यह बताने का अनुग्रह करें।
(C) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
(D) चाहे जैसे हो, तुम वहाँ जाओ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

107 निम्नलिखित किस वाक्य में 'कारक' संबंधी अशुद्धि है?
(A) डाल में चिड़ियाँ गाती हैं।
(B) राम ने इस विषय में सोचा।
(C) यह सत्यजीत राय का घर है।
(D) शरीर में शक्ति होनी चाहिए।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

108 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:
(A) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है।
(B) हम अवश्य ही जाएँगे।
(C) उसके चाचा को लड़की हुई है।
(D) मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

109 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:
(A) मैंने कविता सुनाया।
(B) विमला ने गीत गाई।
(C) श्रीकृष्ण के अनेक नाम है।
(D) सब यहाँ कुशलपूर्वक हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

110 'अशुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) पुस्तकालय में अनेक पुस्तकें हैं।
(B) तुलसीदास ने गीतावली की रचना की।
(C) वे परस्पर एक-दूसरे से लड़ते हैं।
(D) मेले में मिठाइयाँ बिकती हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov2025

111 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** वर्तमान काल के पाँच भेद होते हैं।

**कथन II:** 'वह पढ़ता होगा।' वाक्य पूर्ण वर्तमान का उदाहरण है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

112 निम्नलिखित में से 'भूतकाल' से संबद्ध वाक्यों का चयन कीजिए:

a. कृष्ण का बचपन बीत गया।
b. माली फूलों से माला बनाता है।
c. जापान अपने अतीत को भूल चुका।
d. एकलव्य अभ्यासरत है।
e. कालिदास ने मेघदूत लिखा है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, d, और e
(B) केवल a, c, और e
(C) केवल b, d, और e
(D) केवल a, b, और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न

113 इनमें से कौनसा वाक्य 'कर्मवाच्य' का उदाहरण है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) सरकार के द्वारा घोषणा की गई।
(B) गोपाल पत्र लिखता है।
(C) मुझसे गाया नहीं जाता।
(D) मैं बोझ नहीं उठा सका।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

114 'सूर्य पूर्व दिशा में उगता है।' इस वाक्य में किस 'पक्ष' का बोध कराया गया है?

(A) नित्यता बोधक
(B) आवृत्तिमूलक
(C) प्रगति बोधक
(D) पूर्णता बोधक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

115 'आम खाया जाता है।' इस वाक्य का संबंध किस 'वाच्य' से है?

(A) भाववाच्य
(B) कर्तृवाच्य
(C) कर्मवाच्य
(D) परवाच्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न

116 'वाच्य' के कितने भेद होते हैं?

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच
(E) अनुत्तरित प्रश्न

117 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | **सूची I (वाक्य भेद)** | | **सूची II (अर्थ/लक्षण)** |
|---|---|---|---|
| a. | संदेहवाचक | I. | वक्ता की इच्छा या आशा हो। |
| b. | इच्छावाचक | II. | एक क्रिया का होना दूसरे पर निर्भर करे। |
| c. | संकेतवाचक | III. | जहाँ संदेह या संभावना हो। |
| d. | विधिवाचक | IV. | कार्य के होने अथवा करने का सामान्य कथन। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-III, b-IV c-II, d-I
(B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-III, b-I, c-II, d-IV
(D) a-IV, b-I, c-III, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न

118 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** स्वरूप या रचना की दृष्टि से वाक्य दो प्रकार के होते हैं।

**कथन II:** सरल वाक्य के एक या अधिक पदों को उपवाक्य में बदल देने से वह मिश्र वाक्य बन जाता है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

119 वाक्य की दृष्टि से उपयुक्त सही विकल्पों का चयन कीजिए:

a. सरल वाक्य – बिजली चमकती है।

b. संयुक्त वाक्य – जब विपत्ति आए तब धीरज रखो।

c. मिश्र वाक्य – हमने खाना नहीं खाया।

d. सरल वाक्य – बारिश आने वाली है।

e. संयुक्त वाक्य – अकाल पड़ेगा और लोग मरेंगे।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल a, b, और c

(B) केवल b, c, और d

(C) केवल a, c, और e

(D) केवल a, d, और e

(E) अनुत्तरित प्रश्न

120 निम्नलिखित में से कौन-सा सरल वाक्य है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) शिक्षक के सामने बच्चे शांत रहते हैं।

(B) अनुष्क ने पुस्तक पढ़ी और सो गया।

(C) जबतक शिक्षक रहते हैं, बच्चे शांत रहते हैं।

(D) जो व्यक्ति सत्यवादी है, उसे कोई डरा नहीं सकता।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

121 जिस शब्द के रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता, उसे क्या कहते हैं?

(A) संधि (B) अव्यय

(C) समास (D) वाच्य

(E) अनुत्तरित प्रश्न

122 'अव्यय' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं?

(A) कालवाचक अव्यय में समय का बोध होता है।

(B) यहाँ, वहाँ, कहाँ, जहाँ- स्थानवाचक अव्यय का बोधक है।

(C) विस्मयादिबोधक अव्यय के बाद विस्मयसूचक चिह्न (!) का प्रयोग किया जाता है।

(D) अव्यय प्राय: लिंग, वचन, परसर्ग आदि से प्रभावित रहते हैं।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

123 'आशुतोष को मैंने नहीं देखा।' वाक्य में प्रयुक्त अव्यय की पहचान कीजिए-

(A) को (B) मैंने

(C) देखा (D) नहीं

(E) अनुत्तरित प्रश्न

124 निम्नलिखित में से 'नदी' का पर्यायवाची नहीं है -

(A) सरिता (B) तरंगिणी

(C) तटिनी (D) रजनी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

125 रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द का चयन कीजिए : आनंद, आह्लाद से उसी प्रकार संबद्ध है, जिस प्रकार 'इच्छा' ...... से संबद्ध है।

(A) सहकार (B) हर्ष

(C) आकांक्षा (D) अनंत

(E) अनुत्तरित प्रश्न

126 इनमें से 'गंगा' का 'पर्यायवाची' नहीं है?

(A) भागीरथी (B) देवनदी

(C) सरसिज (D) मंदाकिनी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

127 'अनुरक्ति' के लिए प्रयुक्त होने वाला 'विलोम' शब्द है-

(A) विभक्ति (B) शक्ति

(C) भक्ति (D) विरक्ति

(E) अनुत्तरित प्रश्न

128 'उपयुक्त' शब्द का 'विलोम' है -

(A) प्रयुक्त (B) अनुपयुक्त

(C) उपर्युक्त (D) संयुक्त

(E) अनुत्तरित प्रश्न

129 इनमें से कौन-सा विकल्प 'जलज' और 'जलद' के सही अर्थ को (क्रमश:) दर्शा रहा है?

(A) बादल, कमल (B) कमल, बादल

(C) बादल, समुद्र (D) समुद्र, इन्द्र

(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

130 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (युग्म - शब्द) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | सूत | I. | क्रिया |
| b. | सुत | II. | धागा |
| c. | हंस | III. | पुत्र |
| d. | हँस | IV. | पक्षी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-II, b-III, c-I, d-IV
(C) a-III, b-II, c-IV, d-I
(D) a-IV, b-II, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न

131 'लहर' शब्द के अनुपयुक्त प्रयोग के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'अशुद्ध' है?

(A) सागर की लहरों पर नाव तैर रही है।
(B) मेरी कलम से स्याही लहर रही है।
(C) नदी में लहरें उठ रही हैं।
(D) माघ में हवा की लहर से हड्डी काँप जाती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

132 'शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा खेद हुआ।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में 'अशुद्ध' शब्द है-

(A) खेद (B) मृत्यु
(C) की (D) से
(E) अनुत्तरित प्रश्न

133 'फल - फूल' में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(A) हंस पद (B) अल्पविराम
(C) अर्द्धविराम (D) योजक चिह्न
(E) अनुत्तरित प्रश्न

134 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** लेखन कार्य में भाव अथवा विचार की स्पष्टता में विराम चिह्न से बाधा उत्पन्न होता है।

**कथन II:** पाठक के भावबोध को सरल और सुबोध बनाने के लिए विराम चिह्नों का प्रयोग होता है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

135 दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच किस 'विराम चिह्न' का प्रयोग होता है?

(A) उद्धरणचिह्न (B) विस्मयादिबोधक
(C) प्रश्नवाचक (D) योजक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

136 'हे राम, तुम मेरा दुख दूर करो।' उक्त वाक्य में अल्पविराम की जगह किस विराम-चिह्न का प्रयोग उपयुक्त होगा?

(A) विस्मयादिबोधक (B) प्रश्नवाचक
(C) योजक (D) उद्धरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न

137 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** अगर विराम-चिह्न का प्रयोग न किया जाए तो अर्थ का अनर्थ हो जाएगा।

**कथन II:** किसी अन्य की कही गई बात को बिना किसी परिवर्तन के ज्यों-का-त्यों रखा जाता है, तब प्रश्नचिह्न का प्रयोग जरूरी है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

138 जब किसी लंबे वाक्य में एक से अधिक स्वतंत्र वाक्यांशों का प्रयोग हो, तब किस विराम चिह्न का प्रयोग आवश्यक हो जाता है?

(A) उद्धरण चिह्न (B) अल्पविराम
(C) योजक चिह्न (D) पूर्णविराम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

139 'द्वंद्व समास' के दो पदों के बीच किस 'विराम चिह्न' का प्रयोग किया जाता है?

(A) कोष्ठक (B) उद्धरण
(C) योजक (D) प्रश्नवाचक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

140 नीचे दो कथन दिए गए हैं-

**कथन I:** विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग हर्ष, विषाद इत्यादि भाव व्यक्त करने की स्थिति में होता है।

**कथन II:** विस्मयादिबोधक चिह्न में प्रश्नकर्त्ता उत्तर की अपेक्षा करता है।

उपर्युक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) कथन I और II दोनों सही हैं।
(B) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(C) कथन I सही है, लेकिन कथन II गलत है।
(D) कथन I गलत है, लेकिन कथन II सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov.2025

141 'आगे नाथ न पीछे पगहा' लोकोक्ति का अर्थ है- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना।

(B) अकेला आदमी लाचार होता है।

(C) एक काम से दूसरा काम हो जाना।

(D) उच्च और साधारण की तुलना कैसी?

(E) अनुत्तरित प्रश्न

142 'गुदड़ी का लाल' मुहावरे का अर्थ है-

(A) गरीब का घर में गुणवान का उत्पन्न होना।

(B) अत्यंत लज्जित होना।

(C) अपनी बड़ाई आप करना।

(D) गुप्त बात प्रकट करना।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

143 'भैंस के आगे बीन बजाना' मुहावरे का अर्थ है-

(A) भय के कारण विनम्र हो जाना।

(B) मूर्ख के सामने ज्ञान की बातें करना।

(C) बनते काम को बिगाड़ना।

(D) चापलूसी करना।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

144 'कंगाली में आटा गीला होना' मुहावरे का अर्थ है-

(A) हानि पहुँचाने का यत्न करना।

(B) खूब दौड़धूप करना।

(C) असफलता से लज्जित होना।

(D) गरीबी में और अधिक हानि होना।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

145 इनमें से किस मुहावरे का अर्थ 'कहीं का नहीं रहना' है?

(A) चल बसना।

(B) चिराग तले अँधेरा।

(C) घर का न घाट का।

(D) गाँठ का पूरा।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

146 सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए -

| | सूची I (मुहावरे) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| a. | अँगूठा दिखाना | I. | कपटी मित्र |
| b. | आस्तीन का साँप | II. | शर्मिंदा होना |
| c. | अपना-सा-मुँह लेकर रह जाना | III. | समय पर धोखा देना |
| d. | ईद का चाँद होना | IV. | बहुत दिनों पर दिखाई देना |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV

(B) a-III, b-I, c-II, d-IV

(C) a-IV, b-III, c-II, d-I

(D) a-III, b-II, c-I, d-IV

(E) अनुत्तरित प्रश्न

147 निम्नलिखित शब्दों को क्रम से व्यवस्थित करके एक मुहावरा बनाइए-

a. आप  b. कुल्हाड़ी

c. अपने  d. मारना

e. पाँव पर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) c, e, a, b, d  (B) a, c, d, b, e

(C) a, e, b, c, d  (D) b, e, d, c, a

(E) अनुत्तरित प्रश्न

148 'खरबूजे को देख खरबूजा रंग बदलता है।' लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) देखादेखी काम करना

(B) छल-कपट करना

(C) उलटा काम करना

(D) दूसरे के भरोसे शक्ति दिखाना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

149 'निकट का गुणी व्यक्ति कम सम्मान पाता है, पर दूर का ज्यादा' यह किस लोकोक्ति का अर्थ है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) घर का जोगी जोगड़ा, आन गांव का सिद्ध

(B) अगले जमाने का आदमी

(C) तिल का ताड़ करना

(D) जमीन पर पैर न पड़ना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

150 'घर की मुर्गी दाल बराबर' लोकोक्ति का अर्थ है-

(A) मुर्गी को दाल खिलाना

(B) अत्यंत छोटी मुर्गी

(C) अपने आदमी को कम महत्त्व देना

(D) मुर्गी को दाल से तौलना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

Office Copy 22Nov2025

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

परीक्षा का नाम : **प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती-2025** | परीक्षा कोडः **N689**

परीक्षा की दिनांकः **22-11-2025** | पेपर–I

## प्रारम्भिक उत्तर कुंजी

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 1 | D |
| 2 | A |
| 3 | D |
| 4 | D |
| 5 | C |
| 6 | C |
| 7 | C |
| 8 | A |
| 9 | C |
| 10 | A |
| 11 | C |
| 12 | B |
| 13 | C |
| 14 | B |
| 15 | A |
| 16 | C |
| 17 | A |
| 18 | A |
| 19 | A |
| 20 | B |
| 21 | A |
| 22 | B |
| 23 | C |
| 24 | A |
| 25 | C |
| 26 | C |
| 27 | B |
| 28 | C |
| 29 | A |
| 30 | A |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 31 | B |
| 32 | A |
| 33 | C |
| 34 | D |
| 35 | D |
| 36 | B |
| 37 | B |
| 38 | A |
| 39 | D |
| 40 | A |
| 41 | C |
| 42 | A |
| 43 | A |
| 44 | C |
| 45 | B |
| 46 | C |
| 47 | A |
| 48 | D |
| 49 | B |
| 50 | C |
| 51 | C |
| 52 | D |
| 53 | C |
| 54 | A |
| 55 | B |
| 56 | A |
| 57 | C |
| 58 | B |
| 59 | D |
| 60 | C |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 61 | C |
| 62 | C |
| 63 | D |
| 64 | B |
| 65 | B |
| 66 | A |
| 67 | C |
| 68 | B |
| 69 | D |
| 70 | A |
| 71 | C |
| 72 | A |
| 73 | C |
| 74 | A |
| 75 | A |
| 76 | C |
| 77 | A |
| 78 | C |
| 79 | A |
| 80 | B |
| 81 | C |
| 82 | B |
| 83 | C |
| 84 | B |
| 85 | D |
| 86 | B |
| 87 | A |
| 88 | C |
| 89 | C |
| 90 | D |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 91 | A |
| 92 | B |
| 93 | D |
| 94 | C |
| 95 | D |
| 96 | A |
| 97 | C |
| 98 | A |
| 99 | C |
| 100 | C |
| 101 | A |
| 102 | B |
| 103 | D |
| 104 | A |
| 105 | C |
| 106 | D |
| 107 | A |
| 108 | D |
| 109 | C |
| 110 | C |
| 111 | C |
| 112 | B |
| 113 | A |
| 114 | A |
| 115 | C |
| 116 | B |
| 117 | C |
| 118 | D |
| 119 | D |
| 120 | A |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 121 | B |
| 122 | D |
| 123 | D |
| 124 | D |
| 125 | C |
| 126 | C |
| 127 | D |
| 128 | B |
| 129 | B |
| 130 | A |
| 131 | B |
| 132 | A |
| 133 | D |
| 134 | D |
| 135 | D |
| 136 | A |
| 137 | C |
| 138 | B |
| 139 | C |
| 140 | C |
| 141 | A |
| 142 | A |
| 143 | B |
| 144 | D |
| 145 | C |
| 146 | B |
| 147 | A |
| 148 | A |
| 149 | A |
| 150 | C |

**दिनांकः** **सचिव**

RajKaj Ref No.: 19187494

eSign DSC